

## अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव एक को

**रीवा, 28 नवम्बर,** गीता जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन रीवा, नगर निगम रीवा एवं विश्व गीता प्रतिष्ठानाम् के सहयोग से 1 दिसम्बर 2025 को एन.सी.सी. ग्राउंड रीवा में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा. कार्यक्रम में श्रीमद्भगवद्गीता के अध्याय 15 का सस्वर पाठ किया जाएगा. इस सामूहिक पाठ में लगभग 5100 गीता प्रेमी एक साथ मंत्रोच्चार के साथ शामिल होंगे, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेगा. इसके साथ ही एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमे विशेष थीम माधव दर्शनम् एवं गो और गोपाल में लघु चित्र शैलियों में भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न रूप एवं भारतीय चित्रकला शैलियों में श्रीकृष्ण की विविध छवियां प्रदर्शित की जाएँगी.

# मुख्यमंत्री की अगुआई वाली समिति करेगी मऊगंज के विकास की निगरानी


### मऊगंज के लिए जिला विकास समिति गठित, समिति में सांसद और विधायक शामिल

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 28 नवम्बर, मुख्यमंत्री की अगुवाई वाली समिति मऊगंज के विकास की निगरानी करेगी. मऊगंज के विकास को लेकर समिति बनाई गई है समिति में विभिन्न क्षेत्रों के 20 व्यक्तियों को प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल किया गया है.**

मऊगंज जिले के लिए जिला विकास समिति गठित की गई है. समिति का अध्यक्ष मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को बनाया गया है. मऊगंज जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल मंत्री पशुपालन एवं डेयरी विभाग को समिति का उपाध्यक्ष बनाया गया है. इस संबंध में कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने बताया कि समिति के सदस्य के रूप में सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक देवतालाब गिरीश गौतम, विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल को शामिल किया गया है. समिति में जनपद अध्यक्ष मऊगंज श्रीमती नीलम सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत हनुमना गोविंद नारायण तिवारी तथा अध्यक्ष जनपद पंचायत नईगढ़ी श्रीमती ममता कुंज विहारी तिवारी को भी समिति का सदस्य बनाया गया है. कलेक्टर ने बताया कि जिला विकास समिति में विभिन्न क्षेत्रों के 20 व्यक्तियों को प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल किया गया है. इनमें राजेन्द्र मिश्रा, दीपक गुप्ता, रामनिवास कुशवाहा, श्रवण गुप्ता, रामचन्द्र गुप्ता, प्रदीप पटेल, रामलखन यादव तथा रामपाल सिंह शामिल हैं. श्रीमती सुनीता पटेल, अवध बिहारी पाण्डेय, ब्रम्हप्रकाश शुक्ला, देवेन्द्रनाथ पाण्डेय, उमेश कुशवाहा, मुनीन्द्र प्रसाद मिश्रा, श्रीनिवास त्रिपाठी, प्रभाशंकर पाठक, रमानिवास पाण्डेय, अरविंद पटेल, बिहारीलाल कोल तथा संतोष गुप्ता को भी समिति में शामिल किया गया है. कलेक्टर मऊगंज समिति के पदेन सदस्य सचिव होंगे. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अगुआई में गठित य समिति जिले के विकास के संबंध में विभिन्न वर्गों से सुझाव प्राप्त करे उसके अनुरूप विकास की कार्ययोजना बनाएगी. शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करेगी. समिति के गठन के बाद बैठक में मऊगंज के विकास की रूपरेखा सदस्यों की मौजूदगी में तय किया जायेगा, किस तरहकाम करना है.



# कानून व्यवस्था को लेकर सड़क पर उतरी पुलिस

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 28 नवम्बर, मऊगंज जिले के हनुमना नगर में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस प्रशासन सड़क पर उतरा. मऊगंज पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीओपी के सची पाठक के नेतृत्व में पुलिस बल ने कस्बे का दौरा करते हुए मुख्य बाजार और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल मार्च किया.**

पैदल मार्च के दौरान एसडीओपी ने हाका लगवाते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने आम नागरिकों से बातचीत कर उन्हें आवश्यक सुरक्षा सुझाव दिए और शांति-सुरक्षा बनाए रखने की अपील की. इसके साथ ही उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से भी चर्चा कर सुरक्षा प्रबंधन की विस्तृत जानकारी ली.इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल काकड़े, सहायक उपनिरीक्षक सत्येंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक अभिषेक मिश्रा, आरक्षक शोभित सिंह, विवेक कुमार. मुकेश यादव सहित पुलिस बल के अन्य सदस्य मौजूद रहे.

पुलिस प्रशासन का कहना है कि इस तरह के पैदल मार्च से न सिर्फ आम जनता में विश्वास बढ़ता है, बल्कि असामाजिक तत्वों पर भी लगाम लगती है.

# अमानक खाद्य पदार्थों से जुड़े मामले अपर कलेक्टर न्यायालय में दर्ज

### अमानक पाए गए भेजे नमूने

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 28 नवम्बर, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन के सख्त निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग और राजस्व विभाग की एक संयुक्त टीम ने जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया था.**

निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए गए थे, जिन्हें जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया था. प्रयोगशाला रिपोर्ट में जो नमूने अमानक पाए गए, उनसे संबंधित प्रकरण अब अपर कलेक्टर न्यायालय में दर्ज किए गए हैं. जिन प्रतिष्ठानों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं उनमें लक्ष्मी डेयरी मऊगंज, अर्जुनदास किराना मऊगंज, भरत किराना हनुमना तथा बंशीधर किराना स्टोर हनुमना शामिल हैं. इन प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के नियमों का उल्लंघन पाया गया. कलेक्टर द्वारा गठित दल यह सुनिश्चित करेगा कि विभाग द्वारा पूर्व में की गई सभी कार्रवाइयों के प्रकरण, जिनमें भी खाद्य सामग्री अमानक पाई गई है या नियमों का उल्लंघन हुआ है, उन्हें सक्षम न्यायालय में दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाए. यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है. उल्लेखनीय है कि मिलावट के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी है. उड़नदस्ता दल भी गठित हुआ है.

# मुख्यालय में नहीं रहते उपयंत्री

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 28 नवम्बर, रीवा जिले के जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान क्षेत्र अंतर्गत हरदुआ एवं दुआरी सीएफटी में लगभग 26 पंचायतें शामिल हैं.**

लेकिन उस सीएफटी में पदस्थ उपयंत्री अपने कार्यों के प्रति किसी भी प्रकार की रुचि नहीं रख रहे हैं. सरपंच सचिव विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव लेकर इधर-उधर भटक रहे हैं लेकिन उपयंत्री अपने मुख्यालय से दूरी बनाए हुए हैं. कई सरपंचों ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे पंचायत में कार्य संपूर्ण होने के बाद भी कार्यों का मूल्यांकन नहीं किया जा रहा और ना ही कभी उपयंत्री पंचायत में आकर विकास कार्यों का जायजा लेते हैं. विगत माह उपयंत्रियों का हड़ताल होने के कारण वैसे भी पंचायत के कार्य पूरी तरह से ठप थे लेकिन अब हड़ताल समाप्त होने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।हम आपको बता दें कि जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान में पदस्थ सीईओ के निष्क्रियता इस पर साफ नजर आ रही है अगर वह अपने कार्यों के प्रति सक्रिय होते तो उपयंत्री इस तरह की लापरवाही ना करते.

# भागवत कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 28 नवम्बर, सनातन धर्म संघ हनुमान द्वारा नगर आराध्य श्री हनुमना जी मंदिर परिसर में 24 दिसंबर से चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में दिन प्रतिदिन कथा श्रोताओं का जन सैलाब बढ़ता जा रहा है.**

श्रीमद् भागवत कथा की कथा व्यास अनंताचार्य जी ने जहां प्रथम दिवस भागवत जी के महात्म्य की कथा सुनते हुए वक्ता और श्रोता कैसा होना चाहिए वर्णन करते 'विष्णु दीक्षा विहीनानां नाधिकारः कथाश्रवेत् '' अर्थात बिना वैष्णवी दीक्षा के श्रीमद् भागवत जी की कथा सुनने काफल नहीं मिलता अतः भागवत के यजमान को चाहिए कि पहले किसी आचार्य से श्री वैष्णव दीक्षा लेने चाहिए. वही वक्ता के लिए भी कहा की भागवत जी के महत्व में लिखा है 'विराक्तो वैष्णवो विप्रो वेद शास्त्र विशुद्धिकृत, श्रोत्रियो ब्रह्मनिष्ठो' अर्थात वक्त को विराट वैष्णव ब्राह्मण के साथ वेद शास्त्रों का ज्ञाता हो गया श्रोत्रिय अर्थात श्रुतियों का मानने वाला एवं ब्रह्म अर्थात परमात्मा श्रीमन नारायण का एकमात्र उपासक हो. ऐसे वक्ता से भागवत सुननेसे जीव का कल्याण आवश्यक हो जाता है.

आत्मदेव नामक निस्संतान ब्राह्मण की कथा सुनाते हुए कहा कि संत ब्राह्मण प्रारब्ध को भी बदल सकते हैं लेकिन जिसकी बुद्धि ही धुंधली हो उसके जीवन में संत की कृपा पाकर भी वह उसका लाभ नहीं ले पाता. आत्मदेव के साथ जन्मों तक संतान का योग न होने के बावजूद जब जंगल में संत के शरणागत होकर है करने पर संत ने फल देते हुए कहा कि इस अपनी पत्नी धुंधली को खिला देना आवश्य पुत्र होगा.



हनुमान जी मंदिर परिसर में भागवत कथा का श्रवण करती महिलाएं

# कियोस्क संचालक ने आरोप को बताया झूठा, जांच की मांग

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 28 नवम्बर, ग्राम पैपखार में स्टेट बैंक के कियोस्क को संचालित करने वाले राजबहोर मिश्रा ने बताया कि 18 नवंबर 2025 को बृजमोहन साकेत पिता राम गणेश साकेत निवासी ग्राम कोठार थाना शाहपुर उसकी कियोस्क शाखा में आया और अपने बेटे शिवम साकेत के खाते में 400 जमा करने के लिए बोला.**

जिस पर उसके खाते में राशि जमा करने हेतु डिपॉजिट का एक ओटीपी गया. जिसे प्राप्त कर मेरे द्वारा उसके खाते में राशि जमा कर दी गई और वह वापस चला गया. उसके बाद अगले दिन 19 नवंबर 2025 को दोपहर 1:00 के करीब वह फिर से आया और बोला कि आपके द्वारा मेरे बेटे के खाते से ओटीपी पूछ कर रुपए 99500 रुपए निकाल लिए गए हैं. लेकिन मेरे द्वारा ऐसा कोई भी कृत्य नहीं किया गया है. वह व्यक्ति साइबर फ्रॉड का शिकार हुआ है और इस मामले में साइबर पुलिस एवं यूनियन बैंक के द्वारा कार्यवाही कर उसकी राशि वापस दिलाई जा सकती है जबकि उपरोक्त व्यक्ति के द्वारा मेरे खिलाफ पुलिस थाना मऊगंज में झूठी शिकायत दर्ज करवा दी गई है. जबकि एक रजिस्टर्ड कियोस्क संचालक द्वारा इस तरह का फ्रॉड किया जाना संभव नहीं है. इस संबंध में पीड़ित कियोस्क संचालक ने पुलिस अधीक्षक मऊगंज को आवेदन पत्र प्रेषित करके न्यायोचित कार्यवाही की मांग की है.

## संविधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रस्तावना का वाचन

मैहर ।आज संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैहर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. चंचल नागर द्वारा समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की मूल भावना, नागरिकों के अधिकारों तथा कर्तव्यों का आधार है।

# मऊगंज जिले में 84 प्रतिशत हुआ गणना पत्रक डिजिटाइजेशन

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 28 नवम्बर, निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मऊगंज जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है.**

इसके लिए बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक के माध्यम से मतदाताओं का सत्यापन करके जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर रहे हैं. गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन में तेजी आई है. जिले में 28 नवम्बर को शाम 4 बजे तक 403001 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं. यह कुल लक्ष्य का 84 प्रतिशत है. इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार जैन ने बताया कि जिले में कुल 479769 मतदाता दर्ज हैं. अब तक विधानसभा क्षेत्र मऊगंज में 196394 तथा विधानसभा क्षेत्र देवतालाब में 206607 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं. अब तक विधानसभा क्षेत्र मऊगंज में 84.86 प्रतिशत तथा विधानसभा क्षेत्र देवतालाब में 83.19 प्रतिशत गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं. बीएलओ को सहयोग देने के लिए ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत सचिव, पटवारी को तैनात किया गया है.

## उपयंत्री की सेवा समाप्ति का आदेश

मऊगंज, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने उपयंत्री संविदा प्रवीण कुमार पाण्डेय को सेवा समाप्ति का आदेश दिया है . जनपद शिक्षा केन्द्र नईगढ़ी में पदस्थ श्री पाण्डेय के संबंध में सोशल मीडिया में वायरल वीडियो तथा समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार में वरिष्ठ अधिकारियों के विरूद्ध भ्रामक एवं तथ्यहीन आरोप लगाए जाने पर यह कार्यवाही की गई है .

# जयपाल सिंह का निधन

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 28 नवम्बर, हनुमना क्षेत्र के ग्राम बेलौही निवासी जयपाल सिंह का लखनऊ में उपचार के दौरान दु:खद निधन हो गया. हनुमना उनके निज निवास पर पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिये रखा गया.**

जहा शुभ चिंतक एवं स्थानीय लोगो ने श्रद्धांजलि अर्पित की. शरल व्यक्तित्व के धनि जयपाल सिंह 65 वर्ष के थे और अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गए. 14 नवम्बर को मोटर साइकल से गृह ग्राम जाते समय सड़क हादसे का शिकार हुए थे.

गंभीर हालत में रीवा के बाद लखनऊ में उपचार चल रहा था जहा अंतिम सांस ली. निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में रामाधार द्विवेदी सगरा कला, रुक्मिणी रमण सिंह, एमपी सिंह, कृष्ण मुरारी गुप्ता, प्रदीप दुबे, राजू सिंह सेंगर, आनंद मिश्रा,धीरेंद्र सिंह,अरुण मधुकर, कैलाश मिश्रा, महेंद्र सिंह शिक्षक, वेंकटरमन सिंह, प्रीतु सिंह बन्ना, दिलीप कुमार द्विवेदी, धनेंद्र सिंह, रामचरण गुप्ता, मोहन गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, अनिल कुमार पांडे, मोनू गुप्ता आदि शामिल है.

# जगत कल्याण के लिए होता है शिव जगत माता का विवाह

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 28 नवम्बर, सहर के वार्ड क्रमांक नौ के कैलाशपुरी में पयासी परिवार में चल रहे शिवमहापुराण कथा के आज छठे दिन की कथा में मां विंध्यवासिनी की गोद विंध्याचल से पधारे विद्वान कथावाचक पंडित त्रिपुरारी शंकर शुक्ल ने शिव विवाह, भोलेनाथ की महिमा एवं माता सती की कथा सुनाई.**



उन्होंने कहा की आत्मा का परमात्मा से मिलन ही शिव में लीन हो जाना है. भगवान शंकर वैराग्य के देवता माने गए हैं, परंतु शिव ने विवाह कर संसार को गृहस्थ आश्रम में रहकर भी वैराग्य व योग धर्म का अनुसरण करने का तरीका भी बताया. महाराज जी ने कहा कि शिव परिवार में भगवान के वाहक नंदी, मां पार्वती का शेर, गणेश जी का मूसक और कार्तिकेय का वाहन मोर है. शिव के गले में सर्प रहते हैं जो सभी विपरीत विचारधारा के बीच रहकर भी सामंजस्य बनाए रखना शिव महापुराण सिखाता है. भगवान के विवाह के वर्णन में मैनादेवी व हिमालय राज की पुत्री के रूप में मां पार्वती का जन्म लेना. प्रारंभिक काल में शिव की तपस्या करना, तप के ही दौरान तारकासुर के आतंक को खत्म करने के लिए शिव की तंद्रा भंग हुई और तारकासुर का संहार किया. कथा के दौरान भगवान् और माता सती और माता पार्वती शिव विवाह का वर्णन किया ,राजा दक्ष एवं उनकी पत्नी अशिकनी से संतान के रूप में माता का जन्म होता है जिनका विवाह भगवान शिव से होता है।दक्ष प्रजापति और देवर्षि नारद के संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि दक्ष प्रजापति के श्राप से ही श्रापित नारद कही भी ज्यादा समय नहीं रुक सकते. विष्णु प्रसाद मिश्रा, सुशीला मिश्रा, संतोष कुमार मिश्रा, आशा मिश्रा, महेश मिश्रा, सुनीता मिश्रा,रमेश मिश्रा, प्रतिमा मिश्रा, गीता मिश्रा, विवेक गौतम, गरिमा गौतम, प्रदीप मिश्रा मौजूद रहे.

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 28 नवम्बर, भारतीय जनता पार्टी मऊगंज जिले के जिला मीडिया प्रभारी अजय मिश्रा ( रज्जू ) ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के निर्णय का स्वागत किया है.**

उन्होंने कहा कि स्थानीय निकायों के अध्यक्ष के प्रत्यक्ष निर्वाचन के निर्णय से लोकतंत्र मजबूत होगा और स्थानीय निकायों के विकास को गति मिलेगी. जिला मीडिया प्रभारी की प्रतिक्रिया अजय मिश्रा ने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया.

निर्णय का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के इस कदम से लोकतांत्रिक प्रक्रिया मजबूत होगी. उन्होंने भरोसा जताया कि इससे स्थानीय निकायों का विकास तेजी से होगा. महत्त्वपूर्ण निर्णय राज्य मंत्रिमंडल ने स्थानीय निकायों में अध्यक्ष के प्रत्यक्ष चुनाव का निर्णय लिया है. इससे नागरिकों को अपने नेतृत्व के चयन में सीधा अधिकार मिलेगा.

# मरीजों के शोषण का केंद्र बन रहा है चाकघाट का सरकारी अस्पताल

**नवभारत न्यूज**

**चाकघाट, 28 नवम्बर, मध्य प्रदेश की सीमा में स्थित है 30 विस्तारा वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाकघाट अब मध्य प्रदेश की सीमा से लगे उत्तर प्रदेश के भीतर कुकुरमुत्ते की तरह खुल रहे निजी नर्सिंग होम के लिए मनमाने आय का स्त्रोत एवं मरीजों के शोषण का केंद्र बनता जा रहा है.**

चाकघाट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जहां पहले पर्याप्त मात्रा में दवाइयां मरीजो को मिलती थी अब वहां पर्याप्त दवाई नहीं मिल पा रही है. यहां के प्रभारी चिकित्साक डॉ नीरज चतुर्वेदी अस्पताल में पर्याप्त दवा न होने का बात कह कर गरीब मजदूरों को महंगी दवाई लिखकर अपने चहेते मेडिकल स्टोर को सीधा लाभ पहुंचाने के काम में लगे हैं. जिसे गरीब रोगी चिन्हित मेडिकल स्टोर से लेने के लिए बाध्य होता है.

इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगे एक्सरे मशीन और अन्य जांच उपकरणों को जानबूझकर कर प्रारंभ नहीं किया जा रहा है जिससे लोग प्रदेश सीमा के पार निजी नर्सिंग होम में जाकर महंगे और मनमानी शुल्क देकर रिपोर्ट लेने के लिए विवश हों. हालांकि चाकघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ.नीरज चतुर्वेदी भी चाकघाट से मात्र पांच छः किलोमीटर की दूरी पर स्थित उत्तर प्रदेश की सीमा में रहने वाले हैं और उन्हीं के प्रदेश से जुड़े लोगों के निजी नर्सिंग होम चाकघाट बॉर्डर से लेकर नारीबारी के बीच 3 किलो मीटर में आधे दर्जन से अधिक स्थापित हैं. गरीब रोगियों को अल्ट्रासाउंड सहित विभिन्न जांच कराने के लिए वाध्य किया जाता है. वहां प्राइवेट अस्पताल में जाकर जांच और उपचार के नाम पर मरीजों का खुला शोषण होता है. आरोप है कि प्राइवेट अस्पतालों से कमीशन खोरी का काम इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है.

बताया जाता है कि इसके पूर्व भी इसी स्वास्थ्य केंद्र से अधिकांश दवाएं रोगियों को मिलती थी लेकिन जब से डॉक्टर चतुर्वेदी जी को चाकघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रभारी बनाया गया है तब से दावओ का संकट निरंतर बना रहता है.

इस संदर्भ में जहां एक और डॉक्टर चतुर्वेदी का मानना है कि यहां का स्टोर प्रभारी दवा लेने नहीं जाता।यह बात बहुत ही आश्चर्यजनक लगती है की प्रभारी अधिकारी के अधीन रहते हुए कर्मचारी दवा लाने से कैसे इंकार कर सकता हैं. बताया जाता है कि स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ अनेक कर्मचारी निर्धारित समय पर अपने कर्तव्य स्थल पर नहीं पहुंचते हैं. इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीज से पंजीयन का पैसा रोगी कल्याण समिति के नाम पर लिया जाता है किंतु रोगी कल्याण समिति की बैठक में कभी भी उसके आय व्यय का हिसाब नहीं दिया जाता. एक प्रकार से देखा जाए तो चाकघाट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था निजी लाभ लोभ के चक्कर में गड़बड़ होती जा रही है.

# संविधान दिवस पर एकता और अखंडता बनाए रखने ली शपथ

**चित्रकूट, 28 नवंबर. 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा ने औपचारिक रूप से संविधान को अपनाया जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ।बुधवार का दिन संविधान को अपनाने की 76वीं वर्षगांठ को समर्पित रहा।**

यह दिन लोकतंत्र, न्याय और समानता के सिद्धांतों के उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित एवं कौशल विकास तथा उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित जन शिक्षण संस्थान चित्रकूट द्वारा जनपद के मऊ में पंडित शिवकुमार त्रिपाठी इण्टर कालेज में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संविधान दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में पंडित शिवकुमार त्रिपाठी इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार शुक्ला, मुख्य वक्ता प्रफुल्लचन्द्र त्रिपाठी वरिष्ठ अधिवक्ता मऊ तथा जन शिक्षण संस्थान के परियोजना समन्वयक बनारसी लाल पाण्डेय तथा प्रभाकर मिश्रा सहायक परियोजना समन्वयक व कंप्यूटर ऑपरेटर सुघर सिंह, जनमेजय सिंह सहित 51 बालिकायें, 73 बालक व 14 विद्यालय परिवार के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे सभी को संविधान की शपथ दिलाई गई। संविधान दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी बच्चों एवं शिक्षकों को संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार शुक्ला ने संविधान में निहित मूल्यों और आदर्शों का स्मरण कराते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि संविधान देश का मार्गदर्शक ग्रंथ है, जो नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों दोनों को निर्देशित करता है। उन्होंने सभी को संविधान के प्रति निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प दोहराने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य वक्ता प्रफुल्लचन्द्र त्रिपाठी वरिष्ठ अधिवक्ता ने सभी से आह्वान किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन करते समय संवैधानिक मर्यादाओं, लोकतांत्रिक सिद्धांतों और नागरिकों के अधिकारों का सम्मान करें।